हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

चौदहवां सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 139

बुधवार, 15 मार्च, 2017/24 फाल्गुन, 1938(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

1. **प्रश्नोत्तरः**

(i) **तारांकित प्रश्नः**

तारांकित प्रश्न संख्या 3822 से 3827 तक के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा सम्बन्धित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 3828 से 3841 तक के उत्तर सम्बन्धित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(ii) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1624 से 1633 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

12-00 PM

2. सदन की समितियों के प्रतिवेदनः

(1) **श्री रविन्द्र सिंह, सभापति, लोक लेखा समिति,** (**वर्ष 2016-17**) ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी :-

(i) समिति का **167वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 147वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग** से सम्बन्धित है; और

(ii) समिति का **168वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 152वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) में अन्तिर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **तकनीकी शिक्षा विभाग** से सम्बन्धित है।

(2) **श्रीमती आशा कुमारी, सभापति, लोक उपक्रम समिति,** (**वर्ष 2016-17**) ने समिति का **67वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2011-12 आर्थिक क्षेत्र (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) की समीक्षा पर आधारित तथा **हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम, हिमाचल प्रदेश सामान्य उद्योग निगम व हिमाचल प्रदेश वित्तीय सीमित** से सम्बन्धित है कि प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

3. वित्तीय वर्ष 2017-2018 के लिए बजट अनुमानः सामान्य चर्चा।

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1. श्री कुलदीप कुमार
2. श्री सतपाल सिंह सत्ती

(अपराह्न 1.10 बजे सदन की बैठक भोजनावकाश के लिए अपराह्न 2.00 बजे तक स्थगित हुई)

(अपराह्न 2.00 बजे सदन की बैठक माननीय उपाध्यक्ष श्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)

बजट पर सामान्य चर्चा ज़ारीः

3. श्री राकेश कालिया
4. श्री महेश्वर सिंह
5. श्री रोहित ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव
6. डॉ0 राजीव सैजल
7. श्री मनसा राम, मुख्य संसदीय सचिव
8. श्री बलदेव सिंह तोमर
9. श्री रवि ठाकुर
10. श्री इन्द्र सिंह
11. श्री किशोरी लाल

(श्री किशोरी लाल के भाषण के दौरान सांय 5.00 बजे सदन की बैठक सांय 6.00 बजे तक बढ़ाई गई)

12. श्री बिक्रम सिंह जरयाल
13. श्री मोहन लाल ब्राक्टा
14. श्री सुरेश कुमार

(श्री सुरेश कुमार के भाषण के दौरान सांय 6.00 बजे सदन की बैठक सांय 6.15 बजे तक बढ़ाई गई)

(सांय 6.10 बजे सदन की बैठक वीरवार, दिनांक 16 मार्च, 2017 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई)